BSES
BSES Rajdhani Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

Wishing you a Happy New Year 2019

संवाद

CEO'S MESSAGE

Dear Consumer,

On behalf of Team BRPL, I wish you a very happy and prosperous New Year. Our efforts saw Delhi meet its highest ever peak power demand of 7016 MW during summers. This is more than the combined power demand of Mumbai and Chennai. We also reduced our aggregate technical and commercial losses to a record low of ~9%.

Our commitment towards sustainable growth saw us launch several pioneering programs like 'BRPL Solar City Initiative', 'AC Replacement Scheme' and India's 1st Behavioural Energy Efficiency program. We have also started deploying Electric Vehicles in our operational fleet.

As a progressive utility, in 2019, we will keep-up the focus on providing reliable power supply and loss reduction, together with our endeavour for greater integration of renewable power, promotion of energy conservation and digitisation. Safety of consumers and employees, a focus area for us, will continue to remain so. However, external challenges like illegal extension of balconies, chhajjas and rooftops near our network are some of the impediments in our mission to achieve 100% safety. In this quest, we will continue to engage with you and other stakeholders.

I once again wish you the very best for 2019 and look forward to working with you even more closely for a safer, greener and brighter Delhi.

Sincerely,

Amal Sinha

Amal Sinha

सीईओ संदेश

प्रिय उपभोक्ता,

टीम बीआरपीएल की ओर से, मैं आपको नए साल की शुभकामनाएं देता हूं। हमारे प्रयासों की बदौलत दिल्ली ने बिजली की अब तक की सर्वाधिक मांग – 7016 मेगावॉट को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह मुंबई और चेन्नै, दोनों की संयुक्त पावर डिमांड से भी अधिक है। अपने तकनीकी व व्यावसायिक नुकसान यानी एग्रिगेट टेक्निकल एंड कमर्शल लॉसेज को भी हम रेकॉर्ड 9 प्रतिशत के करीब ले आए।

टिकाऊ विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की वजह से हमने कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लॉन्च कीं, जैसे – सोलर सिटी पहल, एसी रिप्लेसमेंट स्कीम और भारत का पहला बिहेवियरल एनर्जी एफिशिएंसी प्रोग्राम। हमने परिचालन से जुड़े वाहनों के अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों को भी शामिल करना शुरू कर दिया है।

एक प्रगतिशील युटिलिटी के तौर पर हम 2019 में अपने उपभोक्ताओं को जहां एक ओर विश्वसनीय बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने पर ध्यान देंगे, वहीं दूसरी ओर घाटे में कमी, अक्षय ऊर्जा व ऊर्जा संरक्षण को प्रोत्साहन देने और डिजिटाइजेशन पर भी हमारा फोकस रहेगा। उपभोक्ताओं और कर्मचारियों की सुरक्षा भी हमारी प्राथमिकताओं में रहेगी। बहरहाल, हमारे नेटवर्क के पास कई लोगों द्वारा बालकनियों, छज्जों और छतों को अवैध तरीके से बढ़ाया जाना ऐसी बाहरी चुनौती है, जो शत–प्रतिशत सुरक्षा के हमारे लक्ष्य को हासिल करने में बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने में हमें आपकी और अन्य स्टेक होल्डरों की मदद चाहिए।

एक बार फिर मैं आपको 2019 के लिए शुभकामनाएं देता हूं और एक सुरक्षित, हरित और चमकीली दिल्ली के लिए आपके साथ और अधिक प्रगाढ़ता के साथ काम करने की उम्मीद करता हूं।

आपका,

अमल सिन्हा

अमल सिन्हा

वित्तीय समावेश और डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए बीआरपीएल ने किया इंडिया पोस्ट से करार

समाज के निचले तबके के लोगों के बीच वित्तीय समावेश और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्यों के साथ, बीआरपीएल ने इंडिया पोस्ट के साथ एक महत्वपूर्ण करार किया है। इस समझौते के तहत, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के जेजे क्लस्टरों में कैंप लगाए जाएंगे। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक अकाउंट खोलने तथा चेकबुक और डेबिट कार्ड प्राप्त करने में जेजे क्लस्टर के निवासियों की मदद की जाएगी। डेबिट कार्ड से वे अपने बिजली बिल का भुगतान भी कर सकेंगे। उन्हें 2 लाख रूपये तक का इंश्योरेंस भी मिलेगा। इस इंश्योरेंस के पहले साल के प्रीमियम का भुगतान बीआरपीएल करेगी।

बीएसईएस लोक अदालत में करीब 4000 मामलों का निपटारा

बीएसईएस डिस्कॉम्स द्वारा दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी यानी डीएसएलएसए के साथ मिलकर 8 और 9 दिसम्बर, 2018 को आयोजित लोक अदालत में अभूतपूर्व नतीजे सामने आए। सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए लोक अदालत में लगभग 39 करोड़ रूपये मूल्य के बिजली चोरी के करीब 4000 मामलों का निपटारा हुआ। इस ग्रीन लोक अदालत में कागज के ए4 साइज के 30 हजार से अधिक शीट्स की बचत हुई।

मोबाइल ऐप और वॉट्सऐप नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

Available on the App Store | Available on the

टॉल फ्री 24x7
19123

कॉल 24x7
011-399 99 707

वॉट्सऐप
बिजली गुल की शिकायत करें
(Type #NC 9 digit CA No & send to 9999919123)

आपातकालीन (आग व झटका)
1800 10 39707

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नयी दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 011 399-99-707/19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bd@relianceada.com पर ईमेल करें अथवा 8375010861 पर कॉल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।